‘सबकी योजना, सबका विकास’ अभियान

drishtiias.com/hindi/printpdf/people’s-plan-campaign

चर्चा में क्यों?

2 अक्तूबर, 2018 को ‘लोगों की योजना अभियान’ (People’s Plan Campaign) को ‘सबकी योजना, सबका विकास’ के रूप में शुरू किया गया। यह अभियान 31 दिसंबर, 2018 तक जारी रहेगा।

अभियान के प्रमुख बिंदु

- इस अभियान के दौरान अगले वित्त वर्ष 2019-2020 के लिये ‘ग्राम पंचायत विकास योजना’ (Gram Panchayat Development Plan- GPDP) तैयार करने के हेतु ग्राम सभा की संरचित (structured) बैठकें होंगी।
- ‘लोगों की योजना अभियान’ की निगरानी में ग्राम सभा की बैठकों के डिजिटल चित्र, मानक रूप में समन्वयकों की रिपोर्ट, सभी 29 क्षेत्रों के लिये ‘लोगों की योजना अभियान’ की प्लानप्लस (Planplus) अपलोडिंग, संबद्ध विभागों के प्रत्येक ज़िले/राज्य/केंद्रीय स्तर के अधिकारियों द्वारा ग्राम सभाओं के दौरे और राष्ट्रीय स्तर की निगरानी के लिये ग्राम सभाओं के औचक दौरे शामिल हैं।
- ग्राम पंचायत कार्यालय और ग्राम संवाद ऐप में सभी कार्यक्रमों के बारे में सार्वजनिक उपलब्ध कराई जाएगी।
- इस अभियान के तहत होने वाली बैठकों में 29 क्षेत्रों– कृषि, भूमि सुधार, लघु सिंचाई, पशु पालन, मत्स्य पालन, सामाजिक वानिकी, लघु वन उत्पाद, लघु उद्योगों, खादी, ग्राम और कुटीर उद्योग, ग्रामीण आवास, पेयजल, ईंधन और चारा, सड़कें, ग्रामीण विद्युतीकरण, गैर-परंपरागत ऊर्जा, गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम, शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, वयस्क और अनौपचारिक शिक्षा, लाइब्रेरी, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, बाज़ार और मेले, स्वास्थ्य और स्वच्छता, परिवार कल्याण, महिला और बाल विकास, सामाजिक कल्याण, कमज़ोर वर्गों के कल्याण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली और सामुदायिक परिसंपत्तियों के रख-रखाव से संबंधित अग्रिम कामगारों/पर्यवेक्षकों की उपस्थिति होगी और इनके द्वारा सभी क्षेत्रों से संबंधित प्रस्तुति दी जाएगी।

ग्राम पंचायत विकास योजना

- इस योजना को देश में ग्राम पंचायतों की संख्या को ध्यान में रखते हुए बड़े पैमाने पर शुरू किया गया है।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिलाओं आदि जैसे समाज के कमज़ोर वर्गों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये विशेष प्रयास किये गए हैं।
- ग्राम पंचायत विकास योजना का उद्देश्य चुने हुए 31 लाख पंचायत प्रतिनिधियों और प्रभावी ग्राम सभा में DAY-NRLM के अंतर्गत स्वयं-सहायता समूहों की 2.5 करोड़ महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाना है।